तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
	मनीष पुरोहित **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार लूणी)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353471652233305
14/01/26	अपीलार्थी मनीष पुरोहित निवासी ग्राम श्री राधाकिशन भवन डालडा विल्डींग के सामने चौपासनी 7 रोड़, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 12.09.2025 आवासीय योजना– "सूर्या नगर योजना" जो कि भुखण्ड सख्या 1 से 4, 27 से 30 व 83 से 91 जिनका कि सपरिवर्तन आदेश (पट्टा विलेख) तहसीलदार लूणी के द्वारा जरिये मिसल सख्या राजस्व/7/99/780–782 खसरा नम्बर 789, ग्राम कांकाणी, पटवार क्षेत्र–लुणी, भू.अभि. नि. लुणी, तहसील–लुणी, जिला–जोधपुर, में स्थित है, जारी किया गया, उक्त आवासीय योजना से सबन्धित उक्त सम्पुर्ण जानकारी से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.14 14:07:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
19922249